हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 कार्य संपादन से इंकार करने वाले पटवारियों पर नोटिस जारी कर, करें...



09 संविदा एएनएम ने नियमितीकरण समेत 36 हजार रुपए मानदेय की मांग को लेकर...



मुक्तिधाम में स्थापित होगा निःशुल्क जनता पुस्तकालय

मंदसौर। भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी में समाज एवं साहित्य को जोड़ने वाली एक अत्यंत सराहनीय व अनूठी पहल की शुरुआत होने जा रही है। नगर के प्रतिभाशाली, प्रबुद्ध एवं दूरदर्शी नागरिकों द्वारा दिए गए उत्कृष्ट सुझावों को अमलीजामा पहनाते हुए मुक्तिधाम के सभा-घर में एक विशेष हिंदी भाषी पुस्तकालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इस पुस्तकालय का विधिवत शुभारंभ दिनांक 1 अक्टूबर 2026, गुरुवार को प्रातः 11 बजे मुक्तिधाम के सभा-घर के समीप किया जाएगा। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी दृष्टानन्द नैनवानी ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि शव यात्रा एवं अंतिम संस्कार में सम्मिलित होने वाले नागरिक अपने खाली समय का उपयोग ज्ञानवर्धक व अनमोल ग्रंथों के अध्ययन में कर सकें। आपसी विचार-विमर्श और गहन मंथन के पश्चात इस पुस्तकालय का नाम ह्यनि:शुल्क जनता पुस्तकालयह्न रखा गया है। इसके संचालन के लिए एक विशेष चलित (मूवेबल) अलमारी का निर्माण कराया गया है, जिसमें देशभक्ति, धर्म, समाज, उच्च आचरण, इतिहास, स्वास्थ्य एवं भारतीय संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण पुस्तकों का संग्रह रहेगा। इस सार्वजनिक एवं कल्याणकारी कार्य को सफल बनाने के लिए आयोजक दृष्टानन्द नैनवानी ने नगरवासियों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने घरों एवं कार्यालयों की अलमारियों में रखी ऐसी पुस्तकें, जिन्हें वे पढ़ चुके हैं- विशेषकर देशभक्ति, धार्मिक, सामाजिक, ऐतिहासिक व स्वास्थ्य सम्बन्धी साहित्य इस नि:शुल्क जनता पुस्तकालय को भेंट करें।

हाईवे पर बाघ की चहलकदमी से हड़कंप, बनेटा से रामनगर तक दहशत

शाहगंज में बाघ का आतंक! हाईवे पर टहलता दिखा टाइगर वीडियो वायरल: गांवों में मुनादी

हरिभूमि न्यूज : सीहोर

शाहगंज क्षेत्र में बनेटा, बांद्राभान और रामनगर में बाघ की चहलकदमी से दहशत है। हाईवे पर बाघ का वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग ने मुनादी कर ग्रामीणों को जंगल जाने से रोका गया है। जंगल से निकलकर बाघ अब सड़क और ग्रामीण इलाकों के आसपास अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। बुधनी रेंज के शाहगंज क्षेत्र में बनेटा, बांद्राभान और रामनगर के आसपास पिछले तीन-चार दिनों से बाघ की चहलकदमी की सूचनाओं ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। सबसे ज्यादा हड़कंप उस समय मचा, जब बनेटा और डुंगरिया के बीच निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर बाघ खुलेआम टहलता कैमरे में कैद हो गया। कार चालक द्वारा बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही वन विभाग सक्रिय हुआ और गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की चेतावनी दी गई।

बनेटा और डुंगरिया के बीच निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर अचानक बाघ दिखाई देने से वहां से गुजर रहे लोगों में खलबली मच गई। एक कार चालक की नजर बाघ पर पड़ी तो उसने बिना करीब गए मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया। वीडियो में बाघ सड़क के आसपास टहलता दिखाई दे रहा है। कुछ ही समय में यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया।



वीडियो वायरल होते ही वन विभाग अलर्ट

वीडियो सामने आने के बाद वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया। क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीणों को सतर्क किया गया। विभाग की ओर से प्रभावित गांवों में मुनादी कराकर लोगों से जंगल की तरफ नहीं जाने की अपील की गई है। खासकर ऐसे स्थानों पर जाने से बचने की हिदायत दी गई है, जहां बाघ की आवाजाही की सूचना मिल रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक बनेटा के अलावा बांद्राभान और रामनगर क्षेत्र में भी बाघ की गतिविधियां देखी गई हैं। तीनों क्षेत्र एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और इनके आसपास जंगल तथा खेत मौजूद हैं। यही वजह है कि बाघ के मूवमेंट को लेकर ग्रामीणों में लगातार बेचैनी बनी हुई है।

ग्रामीणों ने हांका लगाकर बाघ को खदेड़ा

रामनगर के पास का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ग्रामीण बाघ को हांका लगाकर खदेड़ते दिखाई दे रहे हैं। बाघ के आबादी अथवा खेतों के नजदीक पहुंचने से ग्रामीणों में डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है।

गाय घायल होने की सूचना ने बढ़ाई चिंता

ग्रामीण क्षेत्र में बाघ के हमले में एक गाय के घायल होने की सूचना भी सामने आई है। इस घटना के बाद पशुपालकों की चिंता और बढ़ गई है। हालांकि घटना के संबंध में वन विभाग की ओर से विस्तृत आधिकारिक पुष्टि सामने आना बाकी है। ग्रामीण अब मवेशियों को खुले में छोड़ने से भी बच रहे हैं। डिप्टी रेंजर विजय सिंह भदौरिया ने बताया कि अंचल में मुनादी करा दी गई है। ग्रामीणों को जंगल की तरफ जाने की मनाही की गई है। वन विभाग लोगों को सतर्क रहने और बाघ की मौजूदगी वाले इलाकों से दूरी बनाए रखने की हिदायत दे रहा है।शाहगंज क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीण खेती-किसानी से जुड़े हैं। सुबह और शाम किसान खेतों की ओर जाते हैं। खेत जंगल से लगे होने के कारण बाघ की मौजूदगी की सूचना ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों की मांग है कि बाघ की गतिविधियों वाले क्षेत्रों में वन अमले की निगरानी बढ़ाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ की लगातार साइटिंग के बाद केवल चेतावनी जारी करना पर्याप्त नहीं है। क्षेत्र में नियमित गश्त और सर्चिंग बढ़ाई जानी चाहिए। ग्रामीण चाहते हैं कि वन विभाग बाघ की लोकेशन पर नजर रखे और उसकी आवाजाही का पता लगाए, ताकि लोगों और मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

चोवीसी का कार्यक्रम भी होगा

महामृत्युंजय तप की तपस्वी डॉक्टर गोल्डी शाहजी की शोभायात्रा निकलेगी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के सकलेचा परिवार की भांजी तथा धर्म नगरी थांदला के शाहजी परिवार की गौरव डॉक्टर गोल्डी शाहजी द्वारा अपने जीवन में पहली बार महामृत्युंजय तप (31 उपवास) की कठोरतम तपस्या की गई जिसकी पूर्णाहुति पर गुरुवार, 1 अक्टूबर को तपस्वी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। चोवीसी के कार्यक्रम के साथ अन्य आयोजन भी होंगे। थांदला नगर की धर्म धरा पर इस वर्ष जिन शासन गौरव आचार्य प्रवर पूज्य गुरुदेव श्री उमेश मुनि जी महाराज साहब अणु के दिव्य आशीष एवं गणनायक प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव जिनेंद्र मुनिजी महाराज साहब के आज्ञानुवर्ती तत्वज्ञ पूज्य धर्मेंद्र मुनि जी म. सा.आदि ठाणा 08 एवं सरलमना महासती श्री निखिलशीलाजी म.सा.आदि ठाणा 04 की प्रेरणा एवं पावन निश्रा में जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धार्मिक गतिविधियां चल रही है। इसी के साथ नलखेड़ा नगर के प्रकाशचंद्र रोहित कुमार सकलेचा परिवार की भांजी तथा धर्म नगरी थांदला के शाहजी परिवार की गौरव डॉक्टर गोल्डी शाहजी द्वारा भी अपने जीवन में पहली बार महामृत्युंजय तप (मासक्षमण 31 उपवास) की कठोरतम तपस्या की गई है।जिसकी पूर्णाहुति पर आज, गुरूवार को प्रातः 8.15 बजे से थांदला नगर में तपस्वी की भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। इसमें बड़ी संख्या में समाज जनों के साथ नलखेड़ा से सकलेचा परिवारजनों एवं अन्य स्थानों से भी रिश्तेदारों एवं श्रीसंघ के सदस्यों द्वारा भाग लिया जाएगा। श्री संघ के साथ अन्य स्थानों से आए समाज जनों द्वारा तपस्वी का बहुमान भी किया जावेगा। दोपहर में पौषध भवन पर चोवीसी के कार्यक्रम के साथ अन्य आयोजन भी होंगे। शोभायात्रा उपरांत मेट्रो गार्डन पर स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया है।



मांग को लेकर जिला कांग्रेस ने किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव



मंदसौर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मतदाता सूची एवं निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रातः 11:30 बजे बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गांधी चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए। इसके पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेसजन रैली के रूप में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कार्यालय का घेराव कर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल बर्खास्त कर गिरफ्तार करने के लिए जिला प्रशासन को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने मतदाता सूची में हुए बदलावों की स्वतंत्र एवं व्यापक समीक्षा, निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा ह्यवोट चोरीह्न के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया तथा मतदाता सूची की शुचिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची में हुए बदलावों और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विषयों को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा जो सवाल उठाए जा रहे हैं, उनकी स्वतंत्र एवं व्यापक समीक्षा होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश में एस आई आर के दौरान साढ़े 13 करोड़ लोगों के वोट काट दिए गए। लोकतंत्र में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह होनी चाहिए। पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल ने कहा कि मतदाता के अधिकारों की रक्षा तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए कांग्रेस शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाती रहेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेतागण राकेश पाटीदार, परशुराम सिसोदिया, राजेश रघुवंशी, हनीफ शेख, अजय लोढ़ा, मंजीत सिंह टुटेजा,, इष्टा भाचावत ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन में जनपद अध्यक्ष विजय पाटीदार, जिला पंचायत सदस्यगण दीपक सिंह गुर्जर, भोपाल सिंह सोलंकी, उमराव सिंह, मुकेश पोरवाल, ब्लॉक अध्यक्षगण वीरेंद्र सिंह हाड़ा, महेश पाटीदार, सुरेश धाकड़, किशोर सिंह पँवार, राहुल जैन, हनुमंत सिंह राठौर, जगदीश धनगर, मुकेश धाकड़, विकास दशोरा, विजेश मालेचा, सत्यनारायण पाटीदार, विनोद शर्मा, बालेश्वर पाटीदार, श्याम सिंह चौहान आदि रहे मौजूद।



श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर नवरात्रि में नौ दिनों तक 108 दीपक की जलेगी अखंड ज्योत

नलखेड़ा। आगामी शारदीय नवरात्रि पर नगर में स्थित पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर नो दिनों तक 108 दीपक की अखंड ज्योत जलेगी। चमत्कारिक पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर आगामी शारदीय नवरात्रि पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। शारदीय नवरात्रि में लगातार 15वें वर्ष नो दिनों तक 108 दीपकों की अखंड ज्योत जलेगी। यह अखंड ज्योत 11 सितंबर से 29 सितंबर तक जलेगी। प्रथम दिवस यजमान संकल्प छोड़ेंगे एवं अंतिम दिन विसर्जन होगा। इसके साथ ही हवन होगा। धार्मिक आयोजनों के तहत अखण्ड दिपक,कलश स्थापना,दुर्गा सप्तशती पाठ, सुन्दर काण्ड पाठ,राम रक्षास्त्रोत पाठ, नित्य प्रति दिन पूजन पाठ, रामचरितमानस नव्हापारायण होगा। पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर उक्त धार्मिक आयोजनों की तैयारियां जोर शोर से जारी है। गौरतलब है कि उक्त स्थल बेहद चमत्कारिक है। जोकि एक ऊंची पहाड़ी पर स्थित होने के साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। बताया जाता है कि पूर्व में नलखेड़ा नगर इसी स्थान पर बसा हुआ था जहाँ धूल कोट अथवा कोई प्राकृतिक आपदा आने से वह दब गया था जिसका प्रमाण है कि इस ऊंची पहाड़ी पर कोई वजनदार वस्तु गिरती है अथवा गिराई जाती है तो खोखले होने जैसी आवाज आती है। यहां आये दिन चमत्कार होते रहते है। उक्त स्थल पर बताया जाता है कि अकूत धन संपदा दबी पड़ी है लेकिन उसे निकालने के उद्देश्य से कोई यहाँ खुदाई करता है तो ना तो खुदाई कर पाता है और वह इस लायक भी नही रहता है कि चल सके। कालांतर में इस प्रकार का कुप्रयास करने वालो की मौत भी हो चुकी है। उक्त स्थल पर गुरुपूर्णिमा पर एक दिवसीय मेले का आयोजन भी होता है केवल इसी दिन इस पहाड़ी पर पत्थरों के नीचे से बिच्छू निकलते है जो किसी को काटते भी नही है। उक्त चमत्कारिक स्थल पर स्थानीय भक्तों के साथ ही दूर दूर से भक्त पहुंचते है।

ओलंपियाड की परीक्षा देकर खुश हुए विद्यार्थी

ओएमआर शीट पर 50 प्रश्नों का प्रश्नपत्र किया हल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन भारत के तत्वावधान में हिंदी ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस हाईस्कूल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने ओएमआर शीट के माध्यम से प्रश्नपत्र हल किया।करीब एक घंटे चली परीक्षा में विद्यार्थियों से हिंदी विषय से संबंधित 50 प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने प्रश्नों को हल करने के साथ अपनी तर्क एवं समझ क्षमता का उपयोग किया। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों ने बताया कि इस तरह की परीक्षाओं से हिंदी विषय के ज्ञान को परखने के साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और परीक्षा प्रक्रिया की जानकारी भी मिलती है।





एक माह से की जा रही थी तैयारी

कौटिल्य इंस्टीट्यूट के संचालक डीएस आर्य एवं अर्जुन आर्य ने बताया कि हिंदी ओलंपियाड परीक्षा को लेकर करीब एक माह से तैयारियां की जा रही थीं। इसके लिए अलग-अलग विद्यालयों में संपर्क कर विद्यार्थियों को परीक्षा की जानकारी दी गई। परीक्षा के लिए फॉर्म भरने वाले विद्यार्थियों की ऑफलाइन माध्यम से ओएमआर शीट पर परीक्षा आयोजित की गई।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक प्रशांत राठौर ने बताया कि परीक्षा में छोटी से लेकर बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। हिंदी विषय को लेकर आयोजित यह परीक्षा विद्यार्थियों के ज्ञान को परखने का अच्छा माध्यम है।नेताजी सुभाषचंद्र बोस हाईस्कूल के प्राचार्य कृष्णकांत शर्मा ने कहा कि विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड के माध्यम से हिंदी को वैश्विक मंच प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें भारतीय संस्कृति की झलक भी देखने को मिलती है। उन्होंने परीक्षा के आयोजन के लिए कौटिल्य इंस्टीट्यूट को बधाई दी।परीक्षा आयोजक ने बताया कि परीक्षा के परिणाम आगामी दिनों में घोषित किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

राज्य स्तरीय कबड्डी टीम में जागृति छात्रा का चयन

नलखेड़ा। संभाग स्तर पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में कक्का इंटरनेशनल स्कूल नलखेड़ा की छात्रा कुमारी जागृति तेजरा का राज्य स्तरीय टीम में चयन हुआ। कक्का इंटरनेशनल स्कूल नलखेड़ा के छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष विभिन्न खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर अपना स्थान बनाते रहे हैं। उसी कड़ी में इस वर्ष भी कबड्डी की राज्य स्तरीय (अंदर 17 गर्ल्स) टीम में विद्यालय की छात्रा कुमारी जागृति गिरिराज तेजरा का चयन हुआ है। प्रदेश की कबड्डी टीम में कु.जागृति अपने जिला आगर (मालवा) का प्रतिनिधित्व करेंगी । छात्रा को इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, डायरेक्टर नवीन पांडिया , प्राचार्य पंकज शर्मा ने छात्रा को बधाई देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



पॉलिटेक्निक कॉलेज का छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



कानड़। शासकीय कन्या उमावि कानड़ में अध्ययनरत व्यावसायिक ट्रेड की छात्राओं ने बुधवार को आगर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा की व्यावहारिक जानकारी से अवगत कराना रहा।भ्रमण के दौरान छात्राओं ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने कॉलेज की विभिन्न प्रयोगशालाओं एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया तथा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार एवं करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी ली।इस दौरान छात्राओं को पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य एवं व्याख्याताओं द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। छात्राओं ने भ्रमण के दौरान तकनीकी शिक्षा से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्राप्त कीं।

विलुप्त हो रही लोक संस्कृति परंपरा, अब बस है यादों के जरोखों में...

संजा तू थारा घर जा, थारी मां मारेगी, कूटेगी की गूंज हुई गायब!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आधुनिकता की चकाचौंध में भारतीय लोक कला एवं संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्तता की ओर जा रही है। अनंत चतुर्दशी के अगले दिन भाद्र मास की पूर्णिमा से शुरू होकर अश्विन मास की सर्वपितृ अमावस्या तक मनाया जाने वाला लोक संस्कृति का सबसे बड़े संजा पर्व के प्रति अब बालिका एवं युवतियों की रुचि कम होती जा रही है यही कारण है कि नगर सहित क्षेत्र में संजा पर्व में ढ़लती शाम में गली मोहल्लों में गूंजने वाले लोकगीत संजा तू थारा घर जा, थारी माँ मारेगी ए कुटेगी की गूंज अब नहीं सुनाई देती। लोक संस्कृति के इस पर्व को बचाए रखने के लिए शासन स्तर से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाना चाहिए। सोलह दिवसीय संजा पर्व की शुरुआत अनंतचतुर्दशी के अगले दिन से होती है। यह पर्व भाद्र मास की पूर्णिमा से शुरू होकर अश्विन मास की सर्वपितृ अमावस्या तक मनाया जाता है। यह पर्व कन्याएं माता पार्वती से अच्छे वर व पूर्वजों से आशीर्वाद प्राप्त करने की अभिलाषा में मनाती है। भारतीय संस्कृति से जुड़े इस त्यौहार को संपूर्ण श्राद्धपक्ष में कुंवारी कन्याएं अच्छे व सुयोग्य वर की कामना को लेकर अमावस्या तक मनाती है। कुछ वर्ष पूर्व तक पर्व के इन दिनो में नगर की गलियों में संजा के मधुर गीत गुंजते थे। इसमें कन्याओ द्वारा अपने घर की दीवारों पर गोबर से आकर्षक संजा बनाई जाती थी।



श्राद्धपक्ष के पहले दिन से कुंवारी कन्याए अलग-अलग आकृतियां गोबर से दिवारों पर बनाती थी। प्रतिदिन आकृति बनाये जाते समय पुरानी आकृति को दोहराया नही जाता था। संजा पर्व के चलते घर की दीवार पर गौबर से भगवान गणेश, माता पार्वती, सप्तऋषि तारा मंडल, मोर-मोरनी, ढोल-नगाड़े,चांद-सुरज व फूल पत्तियों की आकर्षक आकृतिया कन्याओं द्वारा बनाई जाती थी। कालांतर में आकर्षक रूप देने के लिए रंग बिरंगी पन्नियां व कागज से इन आकृतियों को सजाया जाता था। संजा पर्व को लेकर कन्याओं में अपूर्व उत्साह रहता था। पूरे दिन संजा बनाने के बाद शाम को मोहल्लो की सभी कुंवारी कन्याए एकसाथ एकत्रित होकर पूजन कर संजा गीत गाती थी। और अंत में प्रसाद वितरण किया जाता था। इस पर्व के दौरान पूरे 16 दिनों तक शाम के समय कन्या घर-घर जाकर संजा के गीत गाकर आरती कर संजा माता की आराधना करती थी। संजा तू थारा घरे जा ए थारी मां मारेगी, कुटेगी, काजल टिकी लो भाई काजल टीकी लो ए काजल टीकी लई ने महारी संजा बाई के दो आदि गीत संजा पर्व के दौरान कन्याओं द्वारा सामूहिक रूप से गाकर आराधना की जाती थी। लोक संस्कृति की सुगंध बिखरता संजा पर्व नगर व ग्रामीण अंचलो में पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जाता था। लेकिन आधुनिकता की चकाचौंध एवं संचार साधनों के चलते भारतीय संस्कृति का यह अनूठा पर्व अब विलुप्ता की कगार पर है। नगर में गिने चुने स्थानो पर ही बालिका एवं कुंवारी कन्याओं द्वारा संजा पर्व मनाया जा रहा है। लोक संस्कृति के इस पर्व को बचाए रखने के लिए शासन स्तर से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाना चाहिए ताकि इस पर्व के प्रति बालिकाओं एवं युवतियों की रुचि बरकरार रह सके।

खबर संक्षेप

संजीवनी क्लीनिक में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

देवास। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत सफाई मित्रों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए नाहर दरवाजा स्थित संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर निगम के सफाई मित्रों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सफाई मित्रों की ब्लड प्रेशर (बीपी), ब्लड शुगर सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें की गईं। चिकित्सकों द्वारा जांच के उपरांत सफाई मित्रों को उनके स्वास्थ्य के संबंध में आवश्यक परामर्श एवं सावधानियों की जानकारी भी दी तथा सफाई मित्रों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम निगम द्वारा आयोजित किए जाते हैं।

जोशी की सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान

देवास। वन परिक्षेत्र देवास अंतर्गत परिक्षेत्र में पदस्थ अनिल जोशी कार्यवाहक वनपाल के सेवानिवृत्ति के अवसर पर परिक्षेत्र कार्यालय देवास में साल, श्रीफल,साफा पहनकर अनिल जोशी कार्यवाहक वनपाल को भावविन विदाई दी गई। अनिल जोशी कार्यवाहक वनपाल ने मध्य प्रदेश के 5 जिलों में अपनी सेवाएं दी एवं देवास जिले के कई रेंजों में अपनी सेवाई दी। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर श्याम शर्मा परिक्षेत्र सहायक देवास ए , हेमराज गोखलेकर परिक्षेत्र सहायक टोंकखुर्द दक्षिण, शिव प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

टीएल बैठक में तहसीलदारों की कार्यशैली पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

कार्य संपादन से इंकार करने वाले पटवारियों पर नोटिस जारी कर, करें कार्रवाई: कलेक्टर

मध्यान्ह भोजन वितरण में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त, संबंधित शिक्षक को निलंबित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतु राज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की प्रगति एवं अंतरविभागीय समन्वय से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने "मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान" एवं सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

लापरवाह पटवारियों पर सख्त रुख

कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने निर्देश दिए कि शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों के विरुद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के हस्तान्तरण, विलेख के निष्पादन व पंजीकरण, फार्मर पंजीयन, राजस्व वसूली, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में आधार पंजीयन, ई-केवाईसी, लैंड लिंकिंग, लघु सिंचाई संगणना, कृषि संगणना तथा शून्य प्रतिशत गिरदावरी करने वाले पटवारियों का यह कृत्य घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना है और सिविल सेवा आचरण नियम की शर्तों का उल्लंघन है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिन 93 परिवीक्षाधीन (प्रोबेशनर) पटवारियों द्वारा शासकीय कार्य संपादन से इंकार किया जा रहा है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि ऐसे सभी परिवीक्षाधीन पटवारियों को तत्काल कारण बताओ सूचना जारी कर 3 दिवस (गुरुवार तक) में कार्य प्रारंभ करने हेतु निर्देशित करें। तय समय-सीमा में कार्य न करने और सुधार न होने की दशा में परिवीक्षा अवधि में ही सेवा से पृथक करने (बर्खास्तगी) तथा निलंबन व विभागीय जांच जैसी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने जिले में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए असंतोष व्यक्त किया और स्पष्ट कहा कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होगा। समीक्षा के दौरान कलेक्टर सिंह ने तहसीलदारों की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अतिक्रमण विरोधी मुहिम में कार्य संतोषजनक नहीं है। आगामी दिनों में सुधार नहीं हुआ और कार्यों में तेजी नहीं आई, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मध्यान्ह भोजन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

बैठक में बीसाखेड़ी शासकीय प्राथमिक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन की समस्या को लेकर कलेक्टर सिंह ने कहा कि बच्चों के भोजन को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिम्मेदार शिक्षक को तुरंत निलंबित किया जाए और मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही, उन्होंने जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने और नोडल अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के भी कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत सभी अधिकारी शिविर के दिन अनिवार्य रूप से क्षेत्र भ्रमण पर रहेंगे। यह भ्रमण केवल औपचारिक न होकर परिणामोन्मुख होना चाहिए। भ्रमण के पश्चात प्रत्येक अधिकारी को समय-सीमा में अनिवार्य रूप से विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा, जिसमें दौरा किए गए क्षेत्र, मौके पर निराकृत जनसमस्याओं और शासकीय सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की स्पष्ट जानकारी शामिल हो। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, डीएफओ अमित सिंह सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुक्त के निर्देश: पानी की गुणवत्ता की रोज होगी जांच

उपयंत्री करेंगे मॉनिटरिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम में समयावधि पत्रों एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा बैठक आयुक्त दलीप कुमार की अध्यक्षता में हुई। आयुक्त ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के साथ विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।आगामी नवरात्रि को देखते हुए शहर के मुख्य मार्गों पर आवारा मवेशियों की रोकथाम को लेकर भी सख्ती के निर्देश दिए गए। एक से अधिक गाय पालने वाले पशुपालकों द्वारा मवेशियों को सड़क पर छोड़े जाने पर प्रति गाय 1500 रुपए का चालान करने के निर्देश दिए गए। आवारा श्वानों के एबीसी कार्य में भी तेजी लाने को कहा गया।आयुक्त ने जलप्रदाय व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रत्येक सप्लाई वाले दिन पेयजल की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश जलप्रदाय के उपयंत्रियों को दिए। साथ ही जांच की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया।एमजी रोड पर नोवेल्टी चौराहा से तहसील चौराहा तक शेष कार्य शीघ्र पूरा करने तथा बीमा रोड एवं गजरा गियर्स से बीएनपी गेट तक सड़क निर्माण व चौड़ीकरण कार्य की जानकारी ली गई। खराब सड़कों पर तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश भी दिए गए।

एनडीआरएफ की मॉक ड्रिल: माताजी की टेकरी पर रोप-वे में फंसे व्यक्तियों का सुरक्षित रेस्क्यू



देवास। जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ करने तथा आपात परिस्थितियों में विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से एनडीआरएफ द्वारा देवास स्थित माता टेकरी रोप-वे पर आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों का संयुक्त मॉक ड्रिल अभ्यास आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य जिले में आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों का परीक्षण करना, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी राहत-बचाव कार्य सुनिश्चित करने की क्षमता को सुदृढ़ करना रहा।मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ की टीम द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, सिविल डिफेंस सदस्यों एवं आपदा मित्रों को सीपीआर, फर्स्ट एड एवं प्राथमिक उपचार के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से राहत एवं बचाव कार्य करने की इम्प्रोवाइज्ड मेथड्स के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट होमगार्ड, कमांडेंट राजेश जैन, एनडीआरएफ कंपनी कमांडर सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बचाव दल के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रतिबंधित रिफाइंड सोयाबीन तेल के विक्रय पर कार्रवाई प्रतिबंधित तेल जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन के जांच दल द्वारा देवास के दो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण कर विक्रय के लिए प्रतिबंधित 1520 किलोग्राम खुला रिफाइंड सोयाबीन तेल जब्त किया गया, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 2 लाख 53 हजार रुपये से अधिक है।जांच दल द्वारा की गई कार्रवाई के तहत परसमंस ट्रेडर्स से विक्रय के लिए प्रतिबंधित खुले रिफाइंड सोयाबीन तेल का सैंपल लिया गया। यहां निरीक्षण के दौरान विक्रय के लिए संग्रहित कर रखा गया लगभग 980 किलोग्राम प्रतिबंधित तेल जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 69 हजार 740 रुपये है। इसी प्रकार दल द्वारा शुक्रवारिया हाट स्थित पूर्वी ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। यहां से भी खुले रिफाइंड सोयाबीन तेल और पैकेटबंद तेल का सैंपल लिया गया तथा विक्रय के लिए रखा 540 किलोग्राम से ज्यादा प्रतिबंधित खाद्य तेल जब्त किया गया। इस जब्त तेल का बाजार मूल्य लगभग 83 हजार 160 रुपये आंका गया है। उक्त संस्थान से पैकेट बंद सोयाबीन तेल का भी सैंपल लिया गया।दोनों प्रतिष्ठानों से जांच दल द्वारा कुल 04 सैंपल विधिवत सील कर परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की अभिहित अधिकारी निर्मला सोमकुंवर ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके पहले जांच दल द्वारा विजय किराना स्टोर को तेल होलसेलर द्वारा आपूर्ति किए गए प्रतिबंधित रिफाइंड सोयाबीन तेल के पैकेट्स का भी सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जा चुका है।

महंत लवचंद्र दास को दिया निमंत्रण



सोनकच्छ। चामुंडा सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया मित्र मंडल सहित महंत पूर्णानंद महाराज उदासीन के पावन मार्गदर्शन में सोनकच्छ स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर उदासीन आश्रम पहुंचे।इस दौरान समिति के सदस्यों ने भगवान पिपलेश्वर महादेव का विधिवत जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात महेश्वरानंद महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही आश्रम के पीठाधीपति महंत लवचंद्र दास महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।समिति के सदस्यों ने महंत लवचंद्र दास महाराज से मां चामुंडा माता एवं मां तुलजा भवानी के दर्शन करने तथा आगामी धार्मिक नवरात्रि कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया। इस अवसर पर उन्हें नवरात्रि आयोजन का निमंत्रण पत्र भी भेंट किया गया।

कांग्रेस का अर्थी प्रदर्शन: कलेक्ट्रेट के बाहर फूंका प्रतीकात्मक शव, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर कांग्रेस का विरोध अब सड़क पर दिखाई देने लगा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार को देवास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनूठे अंदाज में प्रदर्शन किया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता भोपाल चौराहे पर एकत्र हुए और यहां से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की प्रतीकात्मक अर्थी कंधों पर रखकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय की ओर रवाना हुए।प्रदर्शन के दौरान एक कार्यकर्ता हाथ में मटकी लेकर अर्थी के आगे चलता नजर आया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने SIR प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने के आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की।

यह मुद्दा हाल के दिनों में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शनों का केंद्र बना हुआ है।कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों ने परिसर के बाहर प्रतीकात्मक अर्थी का दहन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने किया।जिला ग्रामीण



कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने आरोप लगाया कि SIR प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में नाम हटाए गए हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की।प्रदर्शन में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काली पगड़ी पहनकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रुति बघेल ने आभार व्यक्त किया।

खरेली स्कूल नाम अब हुआ भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

टोंकखुर्द विकासखंड के ग्राम खरेली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम अब "भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेली" होगा। विद्यालय के नवीन नामकरण को लेकर कलेक्टर देवास द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जानकारी अनुसार क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कलेक्टर देवास को पत्र भेजकर खरेली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया था। इसके बाद प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विद्यालय के नवीन नामकरण को अनुमोदन प्रदान किया गया।सांसद के मांगपत्र एवं प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पूरी की गई। मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों के आधार पर कलेक्टर ने विद्यालय के नाम परिवर्तन संबंधी अधिसूचना जारी की।अधिसूचना के बाद अब खरेली का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय "भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेली" के नाम से जाना जाएगा।

टोल प्लाजा पर लगा दुर्घटना सहायता और स्वास्थ्य शिविर, जांचि सेहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

देवास-भोपाल कॉरिडोर स्थित भौरासा टोल प्लाजा पर टोल प्लाजा प्रबंधन, एमजीएम हॉस्पिटल एवं प्रोजेक्ट निरामया के सहयोग से एक्सीडेंटल हेल्प एवं स्वास्थ्य सहायता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन टोल प्लाजा मैनेजर शिव कुमार शर्मा एवं मुकेश नराणिया के समन्वय से किया गया।परियोजना डीजीएम अजय मिश्रा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही सड़क उपयोगकर्ताओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन देना है। शिविर में 76 से अधिक लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से वाहन चालकों, टोल प्लाजा से गुजरने वाले सड़क यात्रियों तथा अन्य लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में डॉ. अर्पित भार्गव डॉ. संदीप ,डॉ. नरेंद्र डीबीसीपीएल-सीएसआर प्रबंधन एवं टोल प्लाजा ऑपरेशन टीम सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

देवास पुलिस की साइबर सेल ने लौटाई लोगों की खोई उम्मीद

40 लाख के 220 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने में देवास पुलिस की साइबर सेल को एक और बड़ी सफलता मिली है। साइबर सेल ने अलग-अलग स्थानों से गुम हुए 220 मोबाइल फोन खोजकर उनके मालिकों को वापस लौटाए। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई गई है। बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में एसपी पुनीत गेहलोद ने मोबाइल उनके स्वामियों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। एसपी गेहलोद के निर्देशन में में चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर के तहत साइबर सेल द्वारा लगातार गुम मोबाइलों की शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2025-26 में अब तक साइबर सेल द्वारा कुल 1095 गुम मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1.80 करोड़ रुपए है। बरामद किए गए मोबाइल उनके संबंधित स्वामियों को वापस सौंपे गए हैं।

ठगी की राशि भी कराई वापस

ऑपरेशन साइबर के तहत देवास पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के मामलों में भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार समय पर मिली शिकायतों पर साइबर मित्र और जिला साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 780 पीड़ितों को करीब 3.90 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की राशि वापस दिलाई गई है। वहीं डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य साइबर अपराधों का शिकार होने से 260 नागरिकों को सुरक्षित बचाया गया। इसके अलावा साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे 2700 से अधिक मोबाइल नंबरों को चिन्हित कर ब्लॉक कराया गया है। पुलिस द्वारा प्रत्येक थाना स्तर पर साइबर मित्रों के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



गुम मोबाइल की सूचना दें

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल साइबर सेल अथवा CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। किसी संदिग्ध कॉल, वीडियो कॉल, डिजिटल अरेस्ट की धमकी, फर्जी निवेश योजना, अनजान क्यूआर कोड, एपीके फाइल या लिंक पर बिना सत्यापन भरोसा न करें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

कृषि मंडी के वरिष्ठ लेखापाल चौहान को सेवानिवृत्ति पर दी भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



कृषि उपज मंडी समिति सोनकच्छ के लेखापाल तिलोक चौहान की सेवानिवृत्ति के अवसर पर बुधवार को मंडी व्यापारी धर्मशाला में भावपूर्ण विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मंडी कर्मचारियों, व्यापारियों, किसानों, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों तथा परिजनों ने चौहान का आत्मीय सम्मान करते हुए उनके लंबे सेवाकाल को याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मंडी सचिव अरविंद परिहार रहे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता निरंजन सिंह सेंगर,अरविंद शर्मा, गोपाल मेहता, अतुल पंड्या सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे। कार्यक्रम में संत लवचंद दास महाराज भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडी व्यापारी आशीष अकोतीया ने किया।जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने कहा कि तिलोक जी ने दलीय राजनीति से ऊपर उठकर सभी को अपना माना। यही कारण है कि आज उनके सम्मान में विभिन्न क्षेत्रों से लोग एकत्रित हुए हैं। विदाई समारोह के दौरान तिलोक चौहान भावुक नजर आए।

खबर संक्षेप

मंजन कर रही महिला से पड़ोसी ने की मारपीट

ललितपुर। थाना महरौनी क्षेत्र के मलैयापुरा कस्बे में सुबह छत पर मंजन कर रही महिला के साथ पड़ोसी दंपती द्वारा गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की और घटना की शिकायत पुलिस से करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलैयापुरा निवासी सिया पत्नी लक्ष्मीप्रसाद साहू ने बताया कि 29 सितंबर को सुबह करीब छह बजे वह अपने घर की छत पर मंजन कर रही थीं। इसी दौरान पड़ोसी अर्चना पत्नी छुट्टन जैन और छुट्टन जैन पुत्र ज्ञानचन्द्र अपनी छत पर आए। आरोप है कि दोनों ने उसके साथ गाली- गलौज शुरू कर दी। जब उसने गाली देने से मना किया तो दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट में उसके सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आईं।

दहेज में कार की मांग विवाहिता को प्रताड़ित किया

ललितपुर। दहेज में चार पहिया वाहन की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जाखलौन निवासी सपना पुत्री जमुनाप्रसाद की शादी 8 फरवरी को झांसी के सीपरी बाजार क्षेत्र के लहर की देवी, ब्रह्मनगर निवासी शुभम सक्सेना पुत्र नबलबिहारी सक्सेना के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। पीड़िता का कहना है कि शादी में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य से अधिक करीब 12 लाख रुपये खर्च किए तथा दान-दहेज और अन्य उपहार दिए थे। आरोप है कि शादी के बाद पति शुभम सक्सेना, ससुर नबलबिहारी सक्सेना और सास अनीता सक्सेना दहेज से संतुष्ट नहीं थे और विवाहिता पर मायके से चार पहिया वाहन (कार) लाने का दबाव बनाने लगे। मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर मारपीट करने, खाना-कपड़ा बंद करने और मोबाइल फोन छीन लेने का आरोप लगाया गया है। आरोप लगाया कि 12 फरवरी 2026 को उसके पति शुभम ने शराब के नशे में उसके मुंह पर तकिया रख दिया और गले पर तलवार रखकर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता के अनुसार, किसी तरह उसने अपनी जान बचाई। इसके बाद वह किसी तरह ससुराल से निकलकर अपने मायके जाखलौन आ गई। 21 जून को पति शुभम, ससुर नबलबिहारी और सास अनीता उसके मायके जाखलौन पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने उसके माता-पिता के सामने फिर से चार पहिया वाहन की मांग की। असमर्थता जताने पर गाली-गलौज करने और धमकी देने का आरोप है। महिला थाना पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को कई बार काउंसलिंग के लिए बुलाए जाने की बात एफआईआर में कही गई है। आरोप है कि ससुराल पक्ष के उपस्थित न होने के कारण समझौते की प्रक्रिया सफल नहीं हो सकी। तहरीर पर पुलिस ने पति शुभम सक्सेना, ससुर नबलबिहारी सक्सेना और सास अनीता सक्सेना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जमुनिया में दो पक्षों में मारपीट, एफआईआर

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम जमुनिया में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जमुनिया निवासी जयदेव पुत्र ओमप्रकाश के अनुसार बीती शाम करीब सात बजे उसका भाई सोनू घर के बाहर दरवाजे के पास बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही संजू पुत्र बन्दू अहिरवार और आशिक पुत्र मंगल वहां पहुंचे और सोनू के साथ गाली-गलौज करने लगे। रोंध किया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इससे सोनू को चोटें आईं। वहीं, दूसरे पक्ष से ग्राम जमुनिया निवासी संजू अहिरवार पुत्र बंदू अहिरवार ने भी पुलिस को तहरीर देकर क्रॉस केस दर्ज कराया है।

प्रदेशभर में सीएमओ कार्यालय, सीएचसी-पीएचसी पर कार्य बहिष्कार और धरना-प्रदर्शन

संविदा एएनएम ने नियमितीकरण समेत 36 हजार रुपए मानदेय की मांग को लेकर हड़ताल शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

45 वर्ष से अधिक आयु वालों को नियुक्ति में छूट देने की मांग



उत्तर प्रदेश में संविदा एएनएम कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन सामूहिक कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संविदा एएनएम द्वारा सीएमओ कार्यालयों, सीएचसी और पीएचसी पर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं राजधानी लखनऊ स्थित इको गार्डन में भी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया है। संविदा एएनएम कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं देने के बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं और वेतन नहीं मिल रहा है।

संगठन ने सरकार से संविदा एएनएम की समस्याओं का स्थायी समाधान करते हुए नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। आंदोलनरत कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि अनुभव और सेवाकाल को आधार बनाकर प्रदेश के सभी संविदा एएनएम को नियमित किया जाए। साथ ही 45 वर्ष से अधिक आयु की संविदा एएनएम को नियमित पदों पर नियुक्ति के लिए आयु सीमा में छूट प्रदान की जाए। कर्मचारियों ने एएनएम पद पर पीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की भी मांग उठाई है। संगठन ने कहा है कि जब तक नियमितीकरण नहीं होता, तब तक संविदा एएनएम के मूल मानदेय को 12 हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 36 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। कर्मचारियों ने समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

इसके अलावा संविदा एएनएम को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से हटाकर महानिदेशालय परिवार कल्याण विभाग के अधीन समायोजित करते हुए राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। आंदोलनरत एएनएम ने कर्मचारियों का स्थानांतरण उनके गृह जनपद में किए जाने की मांग की है। साथ ही कैशलेस उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने, बीमा सुविधा, चाइल्ड केयर लीव, महंगाई भत्ता, अवकाश तथा ग्रेड पे समेत अन्य कर्मचारी सुविधाएं प्रदान करने की मांग की गई है। संगठन ने एएनएम की समस्याओं के स्थायी और त्वरित समाधान के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित करने की मांग की है। इसमें एएनएम कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किए जाने की मांग रखी गई है, ताकि समस्याओं और मांगों पर सीधे कर्मचारियों का पक्ष शासन के समक्ष रखा जा सके। संविदा एएनएम के आंदोलन को संयुक्त एनएचएम एवं संविदा संगठन सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न संविदा और नियमित कर्मचारी संगठनों द्वारा समर्थन दिए जाने का दावा किया गया है। संगठनों ने कहा है कि मांगों पर ठोस निर्णय होने तक अनिश्चितकालीन सामूहिक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान अनेकों कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई

ट्रेडिंग लिंक से ठगी के 45 हजार पुलिस ने कराए वापस



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना मड़ावरा पुलिस की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रेडिंग लिंक के माध्यम से साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित के 45 हजार रुपए की पूरी धनराशि वापस करा दी। रकम वापस मिलने पर पीड़ित के चेहरे पर खुशी लौट आई।

उसने पुलिस अधीक्षक समेत थाना मड़ावरा पुलिस टीम का आभार जताया। ग्राम धवा थाना मड़ावरा निवासी रामकुमार पटेल पुत्र मोहनलाल पटेल के साथ साइबर अपराधियों ने ट्रेडिंग लिंक के माध्यम से 45 हजार रुपए की धोखाधड़ी की थी। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत थाना मड़ावरा की साइबर सेल को प्राप्त होने के बाद पुलिस ने मामले में तेजी से कार्रवाई शुरू की। साइबर सेल टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों और लेनदेन संबंधी जानकारी के आधार पर संबंधित बैंकिंग माध्यमों से संपर्क कर ठगी की रकम को होल्ड कराया। इसके बाद संबंधित बैंक और एमआरएम पोर्टल के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई पूरी कराते हुए पीड़ित की पूरी 45 हजार रुपए की धनराशि उसके बैंक खाते में वापस करा दी गई। रकम वापस मिलने के बाद रामकुमार पटेल ने एसपी और थाना मड़ावरा पुलिस टीम के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेयी के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और सीओ मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के पर्यवेक्षण में की गई। कार्रवाई में निरीक्षक कृष्णदेव यादव, थाना मड़ावरा के साथ साइबर सेल टीम शामिल रही।

सेवा संकल्प अभियान के तहत बीआरसी बिरधा में बनाई रंगोली

शिक्षा विभाग की योजनाओं को कला में उकेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरधा ललितपुर

विकास खंड बिरधा के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत एक भव्य एवं आकर्षक रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मोहित निरंजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों और विभागीय स्टाफ द्वारा बनाई गई रंगोली में शिक्षा विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को बेहद खूबसूरती के साथ उकेरा गया। रंगोली के माध्यम से विभागीय प्राथमिकताओं और शिक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। मुख्य अतिथि श्री मोहित निरंजन ने कला के इस अनूठे प्रदर्शन और रचनात्मकता की जमकर सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी बिरधा गौरव कुमार शुक्ला द्वारा मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

इन्होंने रंगोली निर्माण में किया प्रतिभागः इस रचनात्मक आयोजन में विकास खंड बिरधा के समस्त ए.आर.पी. एवं कार्यालय स्टाफ सहित क्षेत्र के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली निर्माण में मुख्य रूप से शिक्षक संदीप नामदेव, अनिल विश्वकर्मा, अवधेश कुमार, निम्मी मित्तल, अनुराधा नामदेव, सपना कौर, दीपमाला झा, विजेता रोनित्या, प्रगति गुप्ता, दीप्ति त्रिपाठी, सुधा निरंजन, रितु गुप्ता, नेहा सैनी, नेहा मिश्रा, अमृता कुशवाहा, शिवानी सिंह, शाहीन और कप्तान सिंह, भूपेन्द्र गोस्वामी द्वारा सामूहिक रूप से प्रतिभाग कर इसे सफल बनाया गया।

इतिहास विषय में रोजगार, प्रतियोगी परीक्षा की संभावनाएं : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नेनवि कला संकाय विकास कार्यक्रम के तहत विशेष व्याख्यान



नेहरू महाविद्यालय में संचालित कला संकाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तुलसी सभागार में इतिहास विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के लिए विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इतिहास कला संकाय का महत्वपूर्ण विषय है, जिसका अध्ययन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होता है। उन्होंने कहा कि इतिहास विषय के विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से इस विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया है। रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से इतिहास विषय महत्वपूर्ण है।

विभिन्न परीक्षाओं में सामान्य अध्ययन के अंतर्गत इतिहास से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। इसके अलावा इतिहास का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए पुरातत्व, पर्यटन और शिक्षण जैसे क्षेत्रों में भी अवसर उपलब्ध हैं। इतिहास विभाग सहायक आचार्य डा.रामकुमार रिछारिया ने कहा कि इतिहास विषय के विद्यार्थी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पुरातत्व विभाग और पर्यटन विभाग में रोजगार के अवसर तलाश सकते हैं। विभिन्न प्रमाणपत्र एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थी अपने कौशल को और विकसित कर सकते हैं। इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डा.जितेंद्र राजपूत ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इतिहास विषय के पाठ्यक्रम में एकरूपता को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया। सहायक आचार्य डा.प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से महाविद्यालय आने और कक्षाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रो.आशा साहू, प्रो. अनिल सूर्यवंशी, हिमांश धर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा.शैलेन्द्र सिंह चौहान, डा.धीरेन्द्र तिवारी, डा.रोहित वर्मा, फहीम बख्श सहित इतिहास विभाग के शिक्षक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन डा.रामकुमार रिछारिया ने किया, जबकि डा. जितेंद्र राजपूत ने आभार जताया।

विशेष जागरूकता अभियान चलाया

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने पास्को अधिनियम से संबंधित जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधानों एवं इसके कानूनी परिणामों के संबंध में बच्चों को संवेदनशील एवं जागरूक करने के उद्देश्य से नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, ललितपुर में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम सिविल जज जूनियर डिवीजन (एफ.टी.सी) राखी भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु का प्रत्येक व्यक्ति कानून की दृष्टि में बच्चा है तथा बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से पॉक्सो अधिनियम बनाया गया है। उन्होंने बच्चों को अपने आसपास घटित होने वाली अनुचित घटनाओं के प्रति सजग रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

बच्चों को किसी भी ऐसी परिस्थिति में, जिसमें वे स्वयं को असहज अथवा असुरक्षित महसूस करें, चुप नहीं रहना चाहिए तथा किसी विश्वसनीय अभिभावक, शिक्षक या अन्य जिम्मेदार व्यक्ति से तत्काल अपनी बात साझा करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव उपलब्ध है तथा बच्चों को किसी घटना को छिपाने अथवा भय के कारण सहायता लेने से पीछे नहीं हटना चाहिए। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य नमिता गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी स्मृति खरे, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजकुमार जैन, पराविधिक स्वयंसेवक दीया, रानी पांडे, अरविन्द कुमार, विकास कुमार, विशाल अहिरवार, अनिल गनर सहित विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका छात्रायें उपस्थित रहे।

एसपी ने बल के साथ की पैदल गश्त संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के उद्देश्य से एसपी संजीव कुमार बाजपेयी ने पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ कोतवाली सदर क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिसकर्मियों की सतर्कता भी परखी। एसपी ने एएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर के साथ पुलिस बल लेकर चौका बाग से कैलगुवां चौराहे तक पैदल भ्रमण किया। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मार्ग में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा।

एसपी ने आमजन से संवाद कर उनकी सुरक्षा के प्रति उन्हें आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रिय मौजूदगी का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम करना है। गश्त के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की सतर्कता का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वह क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष नजर रखते हुए आवश्यकता के अनुसार प्रभावी चेकिंग एवं कार्रवाई करें। उन्होंने पुलिस बल को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ आमजन से विनम्रतापूर्वक संवाद करने और सुरक्षा व्यवस्था के प्रति पूरी तरह सजग रहने के निर्देश दिए। जनपद में आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार पैदल गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग तथा पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की मांग

युवक की हत्या मामले में नामजद की गिरफ्तारी न होने पर परिजनों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र के चौकाबाग स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके के सामने बीती 28 सितंबर की रात युवक की मौत के मामले में मृतक के परिजनों ने नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई है। मृतक के पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके पुत्र के साथ ईंट-पत्थर, चाकू और लात-घूंसों से मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हुई। परिजनों ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार ग्राम मसौरा कलां निवासी लक्ष्मीप्रसाद का 25 वर्षीय पुत्र भूपेंद्र अहिरवार उर्फ छोटू मोहल्ला पटेलनगर में रहता था। 28 सितंबर की रात भूपेंद्र को पुलिस की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों का कहना है कि घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। परिवार के अनुसार फुटेज में कई लोग भूपेंद्र के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। प्रार्थना पत्र में करण कुशवाहा निवासी रघुनाथपुरा, रूपेश अहिरवार, पुण्य प्रताप सिंह निवासी रावतयाना चौकाबाग, नरेंद्र कुशवाहा उर्फ गुप्पी निवासी मसौरा कलां, अजय अहिरवार निवासी रघुनाथपुरा, शंकर सहरिया, रोली रजक निवासी जिजयावन समेत अन्य अज्ञात लोगों के नाम/पहचान का उल्लेख किया गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने एक राय होकर भूपेंद्र के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की। उनका दावा है कि मारपीट में ईंट-पत्थर, चाकू और लात-घूंसों का इस्तेमाल किया गया, जिसके कारण भूपेंद्र की मौत हो गई। इन आरोपों की पुलिस जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मृतक के पिता लक्ष्मीप्रसाद ने आरोप लगाया कि नामजद आरोपियों के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

एक ही मोबाइल से जुड़े थे दोनों खाते

वाट्सएप हैक कर पिता-पुत्री के खातों से उड़ाए 1.93 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति का व्हाट्सऐप हैक कर उसके और उसकी पुत्री के बैंक खातों से कुल 1.93 लाख रुपये निकाल लिए। दोनों बैंक खाते एक ही मोबाइल नंबर से जुड़े बताए गए हैं। शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस थाना में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पटौरा कलां निवासी दिनेश कौशिक पुत्र नारायण दास ने बताया कि 20 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 1.30 बजे उनका व्हाट्सऐप नंबर हैक कर लिया गया। आरोप है कि इसके बाद साइबर ठगों ने उनके एचडीएफसी बैंक खाते से 98 हजार रुपये निकाल लिए। इसी दौरान उनकी पुत्री शिवानी कौशिक के एचडीएफसी बैंक खाते से भी 95 हजार रुपये निकाल लिए गए। इस तरह दोनों खातों से कुल 1,93,000 रुपये की रकम की अवैध निकासी कर ली गई। दोनों बैंक खाते एक ही मोबाइल नंबर से लिंक थे। इसी का फायदा उठाकर साइबर अपराधियों ने दोनों खातों को निशाना बनाया। घटना के बाद दिनेश कौशिक ने 21 अगस्त 2026 को साइबर सेल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। उनकी तथा पुत्री शिवानी कौशिक की शिकायत दर्ज की गई। इसके बाद मामले में को साइबर क्राइम पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सीडीओ शेषनाथ चौहान ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

विश्व पर्यटन दिवस पर विद्यार्थियों ने देखा ऐतिहासिक रणछोड़ धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मुचकुंद गुफा और प्राचीन धरोहरों की दी जानकारी



विश्व पर्यटन दिवस 2026 के उपलक्ष्य में पर्यटन विभाग की ओर से स्कूली छात्र-छात्राओं को ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों से परिचित कराने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस क्रम में पोस्टर डिजाइनिंग प्रतियोगिताओं में विजयी रहे 50 छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के रणछोड़ धाम, धोजरी के भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सीडीओ शेषनाथ चौहान ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यटन के प्रति जागरूक करते हुए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को समझने और उनके संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। भ्रमण में नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय, पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल तथा वर्णी जैन इंटर कॉलेज के विजयी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की।

पर्यटक अधिकारी हेमलता ने विद्यार्थियों को रणछोड़ धाम की ऐतिहासिकता एवं पुरातात्विक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बौद्धिक विकास केवल किताबी ज्ञान से ही नहीं, बल्कि पर्यटन एवं व्यवहारिक अनुभवों से भी होता है। विद्यार्थियों को स्थानीय पर्यटन स्थलों का अधिक से अधिक भ्रमण कर अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को समझना चाहिए। पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल ने ललितपुर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित ललितपुर बेतवा नदी के तटों, समृद्ध ऐतिहासिक धरोहरों, गुप्तकालीन वास्तुकला, चंदेलकालीन विरासत, धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक जल स्रोतों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रागैतिहासिक इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण जिला इतिहासकारों, शोधकर्ताओं और पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को घने जंगलों और बेतवा नदी के समीप स्थित ऋषि मुचकुंद के तपस्या स्थल मुचकुंद गुफा तथा प्राचीन रणछोड़ धाम मंदिर के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को जनपद के विभिन्न धरोहर स्थलों के ऐतिहासिक एवं पर्यटन महत्व से भी अवगत कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं उपस्थितजनों को ललितपुर के पर्यटन एवं धरोहर स्थलों से संबंधित ब्रोशर वितरित किए गए। पोस्टर डिजाइनिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्वीकृति सिंह, रिचा, सुरेंद्र प्रताप, नदीम, अनिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी केंद्र मोहनीपुरा में किया आयोजन, राज्यमंत्री पंवार हुए शामिल

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में पोषण स्वास्थ्य एवं सम्मान का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड परियोजना ब्यावरा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनीपुरा में आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनीपुरा में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार व अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को राज्यमंत्री पंवार द्वारा आंगन मिलन सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों तथा योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

पोषण किट का वितरण एवं हितग्राहियों का सम्मान

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पोषण किट वितरित कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लाड़ली बहना योजना की पात्र महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र की पोषण वाटिका में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को पोषण वाटिका के महत्व तथा स्थानीय स्तर पर पौष्टिक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रेरित किया गया।

बच्चों के लिए खेल एवं आनंदमयी गतिविधियां

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम को बच्चों के लिए आनंदमय एवं रोचक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न खेल, मनोरंजन एवं आनंदमयी गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल एवं गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम के माध्यम से बब्बों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्र को समुदाय से जोड़ने का संदेश भी दिया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन

कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अमले ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु देखभाल तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

टेट परीक्षा व ई-अटेंडेंस की विसंगतियां दूर करने समेत रखीं प्रमुख मांगें

शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर

मप्र शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने प्रदेश के शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता तथा प्रतिनिधि मंडल में शामिल प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पुनी, सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष रामबरन सिंह सिकरवार एवं मीडिया सह प्रमुख रामचंद्र लोहार द्वारा प्रेषित इस ज्ञापन में राज्य सरकार से शिक्षकों, छात्रों और शिक्षा हित से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित टास्क फोर्स की बैठक शीघ्र ही आहुत संस्कृत विषय की अनिवार्यता तथा योग विषय के अध्यापन कार्य की व्यवस्था का आग्रह किया। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शीघ्र गठन की मांग की गई है। साथ ही बंद हो रहे प्राथमिक विद्यालयों में बालवाटिका प्रारंभ करने, कक्षा 9वीं से 12वीं तक त्रिभाषा सूत्र के तहत संस्कृत विषय को अनिवार्य करने तथा माध्यमिक से उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में योग शिक्षा का कालखण्ड निर्धारित करने का सुझाव दिया गया है। वर्ष 1998 से 2018 के बीच नियुक्त शिक्षकों को 1 जुलाई 2018 से नया संवर्ग मानकर संविलियन किए जाने से उनकी पुरानी वरिष्ठता समाप्त हो गई है। इससे लगभग डेढ़ से दो लाख शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के समय पेंशन एवं ग्रेच्युटी में भारी नुकसान हो रहा है। संघ ने मांग की है कि प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर वरिष्ठता दी जाए। सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने की मांगरू भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र के अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु भी उच्च शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की तर्ज पर 65 वर्ष करने की घोषणा इसी अक्टूबर माह में करने का अनुरोध किया गया है।

शॉटगन खेल में केनेथ ग्रैंडी का मंदसौर जिले से हुआ चयन



मंदसौर। मंदसौर के शॉटगन खिलाड़ी केनेथ ग्रैंडी पिता स्टैनली ग्रैंडी का मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी भोपाल में चयन हुआ। खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश द्वारा अयाजित टैलेंट सर्च में भाग ले कर केनेथ ग्रैंडी का भोपाल शूटिंग अकादमी में अपने प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें मंदसौर के केनेथ ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत का 41वां राष्ट्रीय अधिवेशन मंदसौर में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत का दो दिवसीय 41वां राष्ट्रीय अधिवेशन मंदसौर के रूद्राक्ष माहेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। जिसमें देश भर से 3 हजार से अधिक लोगों ने सहभागिता की। अखिल भारतीय लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत के कार्यवाहक अध्यक्ष रूपचंद सेवकानी की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधायक विपिन जैन, सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोरव अग्रवाल, पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी, नपा सभापति निर्मला नरेश चंदवानी, सिंधी जनरल पंचायत के पूर्व अयक्ष मोहन रामचंदानी सहित देशभर के अनेक शहरों से आए प्रतिनिधि, अधिवक्ता, न्यायविद, शिक्षाविद, प्रबुद्धजन, समाजसेवी, पदाधिकारीगण व नगर समाज के गणमान्य नागरिकजन की उपस्थिति में भगवान झूलेलाल एवं संत शिरोमणी लीलाशाहजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ हुआ। साथ ही समाज के बच्चों एवं महिला समिति द्वारा शादी तलाक पर प्रेरणादायक नाटक मंच पर प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सम्मेलन में समाज के संगठनात्मक सनातन, शिक्षा, विकास, सामाजिक, समरसता एवं विधिक विषयों पर चिंतन व मंथन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु हुए निर्वाचन में रूपचंद सेवकानी शेहरा गुजरात राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

आराधना भवन नई आबादी में विरल विजय म.सा. प्रतिदिन कर रहे शांत सुधारस का वाचन

मंदसौर। नई आबादी स्थित आराधना भवन में प्रतिदिन सुबह 9 से 10.15 बजे तक विरल विजय म.सा. आदि ठाणा 2 द्वारा उपाध्याय विनयविजयजी म.सा. द्वारा लिखित शांत सुधारस शास्त्र का वाचन व उसका भावार्थ श्रवण कराया जा रहा है। साध्वी शीलमाला श्रीजी म.सा. आदि कई साध्वियों व श्रावक-श्राविकाओं की पावन उपस्थिति में श्री विरलविजयजी म.सा. शांत सुधारस शास्त्र का वाचन कराते हुए उसका भावार्थ भी बता रहे हैं। इस रस को श्रवण करने प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं आ रहे हैं। मुनिराज विरल विजय म.सा. ने कल शांत सुधारस को श्रवण कराते हुए 12 भावनाओं (अध्याय) में से आश्रव व संवर के भेद बताये। आपने बुधवार को धर्मसभा में कहा कि उपाध्याय श्री विनय विजय ने आश्रव के 42 भेद बताये हैं। आश्रव का अर्थ है जीवन में पाप कर्म के आने का मार्ग अर्थात हमारे जीवन में 42 प्रकार से पाप कर्म का प्रवेश होता है। हम इन 42 प्रकार के आश्रव को समझना पड़ेगा तभी पाप कर्म से बच पायेंगे। यह 42 प्रकार के भेद को जो समझ जाते हैं वे जीवन में पाप कर्म से बच सकते हैं। आश्रव के 42 भेद में 5 हैं इन्द्रिय, 5 अनरत, 4 कषाय, 3 योग व 25 असत्य क्रियाये हैं। इनको समझे बिना हम पाप कर्म से नहीं बच सकते हैं। विरल विजय जी ने संवर के 57 भेद बताये हैं। इन 57 भेद में 5 समिति, 3 बुद्धि, 10 यतिधर्म, 12 भावना, 22 परिक्षय व 5 चरित्र हैं। जीवन में जो भी 57 प्रकार के संवर को समझ पाता है वह भव सागर रूपी संसार से अपनी नौका पार कर जाता है।

यूनिफॉर्म पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे, जागरूक रहने का संदेश दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा सेवा गतिविधि 'मिशन मुस्कान' के अंतर्गत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। यूनिफॉर्म पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में भारतीय सेना के सूबेदार कुलदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं पूर्व प्राचार्य धर्मपाल सिंह देवड़ा एवं श चंद्र विनोद सिंह सेंगर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय सिंह पुरावत सहित विद्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

इस अवसर पर लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के उपाध्यक्ष लायन राजेश आचार्य, सचिव लायन रितेश गर्ग, क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन संजय पारीख, पूर्व अध्यक्ष लायन दिनेश बाबानी, लायन विजय पलोड़, लायन विनोद उकावत, डॉ. कपिल जैन एवं डॉ. प्रियांशी जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं लायंस क्लब सदस्यों ने विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म प्रदान की तथा उन्हें शिक्षा के साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

अतिथियों और उपस्थितजनों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया

पाडल्यामाताजी में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

सारंगपुर। आंगन सेवा अभियान के तहत ग्राम पाडल्यामाताजी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, बच्चों एवं मातृशक्ति के सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला-बाल विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



कार्यक्रम प्रभारीएवं गुलावता मंडल महिला मोर्चा संयोजक संजना सिंह चौहान, ग्राम पंचायत सरपंच सुभाष चंद्र पाटीदार, मंडल महामंत्री रघुराज सिंह सोलंकी, मीडिया प्रभारी विष्णु नायक, आयुष चिकित्सक जीवन सिंह कलमोदिया, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर भावना पुष्पद सहित शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं से जुड़ी सेवाओं का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। पौधों की देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

जानबूझकर हंसते हुए पाप कर्म मत करो पाप कर्म होने पर प्रायश्चित करो : मुनिराज

मंदसौर। जीवन में हम कई बार जानबूझकर पाप कर्म करते हैं तथा पाप कर्म करने के बाद प्रसन्नता भी अनुभव करते हैं तथा अपनी पाप कर्म के किस्से दूसरों को हंसते-हंसते बताते हैं। ऐसा करना जैन धर्म व दर्शन में भयंकर पाप कर्म का बंध करने वाला माना गया है। आपके द्वारा जानबूझकर जीव हिंसा की गई है अर्थात किसी भी जीव को आपने अपनी प्रसन्नता के लिए पीड़ा पहुंचायी है उसकी हिंसा की है उस पापकर्म का फल भी भयंकर ही होगा। इसलिए जीवन में जानबूझकर प्रसन्नता पूर्वक किए जाने वाले पाप कर्म से बचो। उक्त उद्गार जैन संत मुनिराज प्रत्यक्षरत्न विजय म.सा. ने जीवागंज राजेन्द्र विलास में कहे। आपने बुधवार को यहाँ धर्मसभा में कहा कि हास्य मोहनी कर्म को जैन धर्म में नरक का द्वार माना गया है अर्थात जीवन में यदि अंजाने में पाप कर्म हो जाये तो उसका प्रायश्चित करो। पाप कर्म की क्षमायाचना करो लेकिन यदि आपने जानबूझकर किसी भी प्राणी की हिंसा की है और उसकी खुशी मनायी है तथा प्रायश्चित नहीं किया है तो उस पाप कर्म का फल अधिक भोगना पड़ेगा। प्रभु महावीर के परम भक्त राजा क्षणिक ने प्रभु से मिलने के पूर्व कई बार वन में जाकर पशु-पक्षियों का शिकार किया एक बार उसने एक ही तीर से गर्भवती हिरणी को मार दिया उसने एक साथ दो जीव की हिंसा की और उसने अपनी वीरता को कह-कह कर दूसरों को सुनाया। इस पाप कर्म के कारण राजा क्षणिक ने नरकगति का बंध किया बाद में राजा क्षणिक ने कई पुण्य कार्य भी किये लेकिन हिरण व गर्भस्थ प्राणी की मृत्यु के पाप के प्रभाव के कारण उसे नरकगति ही मिली। इसलिए जीवन में पाप कर्म करते समय विवेक रखो। जानबूझकर पाप कर्म का बंध मत करो यदि हो भी जाये तो उसका प्रायश्चित करो। धर्मसभा में पवित्ररत्न विजय म.सा. ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

महाविद्यालय में 'स्किल इन इंडिया' विषय पर व्याख्यान आयोजित

मंदसौर। शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर रायजादा ने बताया महाविद्यालय में स्किल इन इंडिया विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गयो। महाविद्यालय में छात्राओं के कौशल विकास एवं रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्किल इन इंडिया' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. भरत सिंह क्लेश ने छात्राओं को संबोधित किया।

डॉ. क्लेश ने व्याख्यान में कहा कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता, संचार कौशल, डिजिटल स्किल्स एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण भी आवश्यक हैं। उन्होंने स्किल इन इंडिया पहल के उद्देश्यों एवं युवाओं के लिए उपलब्ध कौशल विकास के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप कौशल विकसित करने, नवीन तकनीकों को सीखने तथा स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के दौरान छात्राओं ने कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं रोजगार से संबंधित विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जिनका डॉ. क्लेश ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। इस अवसर लगभग 20 छात्राओं का पंजीयन किया गया।

प्रमोद जैन श्री आदिनाथ पोरवाल जैन श्वेताम्बर मंदिर तलेया विहार के अध्यक्ष बने



मंदसौर। नगर पालिका के पूर्व कार्यालय अधीक्षक प्रमोद जैन को तलेरा विहार स्थित श्री आदिनाथ पोरवाल जैन श्वेताम्बर मंदिर एवं धार्मिक संस्थान ट्रस्ट का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वे पूर्व में इस मंदिर ट्रस्ट में ट्रस्टी थे तथा लंबे समय से इस मंदिर की धार्मिक गतिविधियों में अग्रणी रूप से कार्य कर रहे थे। विगत दिनों यहां हुई मंदिर ट्रस्ट की बैठक में सर्वानुमति से यह निर्णय लिया गया। निर्वतमान अध्यक्ष निर्मल मच्छीरछक की अध्यक्षता व ट्रस्ट के सदस्यों की उपस्थिति में प्रमोद जैन भावगढ़वाला को यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं का सम्मान, आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

भाजपा सरकार ने बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी और बहनों को लाड़ली बहना बनाया : सविता तायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड क्रमांक 9 और 10 पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा की पूर्व जिला मंत्री और इस अभियान की मंडल प्रभारी सविता तायल, भाजपा नेत्री पुष्पा मोहन पंवार,आशा शर्मा,पार्षद तारादेवी जाटव, रूचि बंडोने, वरिष्ठ पार्षद सुनीता विश्वकर्मा,मोना अवस्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव,भाजपा वरिष्ठ नेता गोपाल जाटव,नपा पार्षद प्रतिनिधि इकबाल हुसैन युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरराज लववंशी उपस्थित रहे।

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, पोषण सखी सहित दीदियों के साथ स्थानीय महिलाओं और बुजुर्गों महिलाओं को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित सभी महिलाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पूर्व जिला मंत्री तायल कहा कि केंद्र सरकार विकसित भारत के संकल्प के साथ जनकल्याण के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री का संदेश भी सभी बहनों को सुनाया गया और मध्य प्रदेश की सरकार डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की लाखों बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी बनाया है और प्रदेश की करोड़ों बहनों को लाड़ली बहना योजना से जोड़ा है। हर महीने 1500 से रुपए बहनों को दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना यादव, तनूजा चौरसिया, रीता जाटव, गुंजा कुशवाह, बबली जाटव, मेडम श्रीवास आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सरोज पाटिल सहित अन्य बहनें उपस्थित रहीं।

